>

Title: Need to promote Junior Engineers of Bhakra Beas Management Board to the post of Sub-Divisional Officer.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय विद्युत मंत्री महोदय का ध्यान भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड द्वारा नियुक्त किए गए जूनियर इंजीनियर्स को एस.डी.ओ के रूप में पदोन्नत नहीं किए जाने से उत्पन्न गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। बी.बी.एम.बी. में स्वयं बोर्ड द्वारा नियुक्त जूनियर इंजीनियर्स को सेवा करते हुए 20-20 साल से ऊपर हो चुके हैं, लेकिन उन्हें एस.डी.ओ के रूप में पदोन्नत नहीं किया जा रहा है। विभिन्न विभागों से बी.बी.एम.बी में प्रतिनियुक्ति पर आए कनिष्ठ अभियंताओं को तो एस.डी.ओ के रूप में एडहॉक प्रमोशन दी जा रही है, लेकिन स्वयं बोर्ड द्वारा नियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं को पदोन्नत नहीं किया जा रहा है। इससे उनमें असंतोष व्याप्त है। बी.बी.एम.बी द्वारा स्वयं नियुक्त किए गए कर्मचारियों की पदोन्नति के नियम 1984 में बनाए गए, लेकिन क्लास-टू कैडर को पदोन्नत करने के नियम अभी तक नहीं बनाए गए हैं। मेरा माननीय मंत्री से निवेदन है कि क्लास-टू कैडर की पदोन्नति के नियम बनाने हेतु तत्काल निर्देश दिए जायें और जब तक पदोन्नति संबंधी रैगुलेशन्स नहीं बनते हैं, तब तक योग्य कनिष्ठ अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से एस.डी.ओ. के रूप में पदोन्नत किया जाये।